# विज्ञान समिति, उदयपुर
# मासिक रिपोर्ट

नियमित प्रकाशन का पन्द्रहवां वर्ष

Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69



Phone :
0294-2413117, 2411650
E-mail Id :
samitivigyan@gmail.com
Website :
www.vigyansamitiudaipur.org



अंक :178 स्वैच्छिक सेवा का 58 वां वर्ष जनवरी 2017


- जनवरी 2017 में 25 कार्य दिवस। सदस्यों की दैनिक औसत उपस्थिति – 13
- उदयपुर का तापमान दिसम्बर माह में :अधिकतम 24.0° सेल्सियस, न्यूनतम 2.3° सेल्सियस रहा।
- दिसम्बर माह की मासिक रिपोर्ट, लोकविज्ञान तथा लहर प्रकाशित हुई तथा सभी सदस्यों एवं विशिष्टजनों को प्रेषित की। कुछ सदस्यों को विदेश में ई–मेल द्वारा भी भेजी गई।

## आर्थिक सहयोग

- **सदस्य वार्षिक सहयोग** – प्रो. सुशीला अग्रवाल रु. 1000/–
- **छात्रवृत्ति कोष** – श्री शांतिलाल गोदावत रु. 5000/–
- **आजीवन सदस्यता** – श्री एच.के. तलेसरा रु. 11000/–
- **सौजन्य** – डॉ.आई.एल.जैन रु. 7500/–


## विज्ञान लोकप्रियकरण

- **लोकविज्ञान :** दिसम्बर अंक के लेख– **संचार क्रान्ति के सामाजिक प्रभाव, उपापचय का महत्वपूर्ण केन्द्र यकृत, मानव शरीर में नए अंग की खोज, आनुवांशिकता का आधार: डी. एन. ए., समुद्र तटीय वनस्पति : मैंग्रोव।**

## एमपीयूएटी एवं विज्ञान समिति साझा कार्यक्रम

### आदर्श ग्राम विकास कार्यक्रम -

चयनित ग्राम देवाली में 25 महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण पिछले माह प्रारम्भ किया था उसका समापन समारोह एवं पारितोषिक कार्यक्रम महिला चेतना शिविर के




अंतर्गत 30 दिसम्बर को कर दिया गया था किन्तु यह प्रशिक्षण 7 जनवरी तक चलता रहा। दो महिलाओं ने प्रार्थना पत्र दिया कि वो सिलाई तो अच्छी सीख गई हैं किन्तु मशीन खरीदने हेतु आर्थिक स्थित ठीक नहीं है। उन्होंने 500–500रु. अपनी तरफ से देना स्वीकार किया। एक मशीन महावीर इंटरनेशनल एवं एक मशीन विज्ञान समिति के द्वारा देने का निर्णय हुआ।

ग्राम विकास समिति देवाली की बैठक 13 और 27 जनवरी दोनों शुक्रवार को हुई जिसमें समिति से 13 को **डॉ. के.एल. कोठारी** एवं **प्रो. जे.एन. कविराज** गए तथा दूसरी बैठक में **श्री मुनीश गोयल** एवं **प्रो. जे.के. दोशी** सम्मिलित हुए। इन बैठकों में गांव में चिकित्सा शिविर करने की योजना बनी। 27 जनवरी को इस सम्बधी पेम्पलेट भी समिति सदस्यों को दिए। इस माह में इस शिविर की पूरी तैयारियां चलती रही।

गावं वालों ने चाहा कि एक बैंक की शाखा खुल सके तो अच्छा होगा। इस सम्बन्ध में समिति से प्रयास किया गया। पंचायत मुख्यालय नहीं होने से शाखा तो नहीं खुल सकती किन्तु ई–मित्र खुल सकता है। उसके लिए आवश्यक जानकारी ग्राम समिति को दे दी गई है।

## महिला सशक्तीकरण

- **वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ :** इस प्रकोष्ठ की बैठक 20 जनवरी को आयोजित हुई जिसमें 76 महिलाएँ उपस्थित थी। मुख्य रूप से नव वर्ष की बैठक होने से आमोद–प्रमोद के कार्यक्रम ही आयोजित हुए। **श्रीमती अरुणा जवेरिया** ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ होने से सदस्यों को स्नेहभोज दिया। जिसमें उपस्थित समिति के सदस्यों को भी आमंत्रित किया। श्रीमती अरुणा जी को बधाई दी गई।
- **नवाचार महिला प्रकोष्ठ :** इस प्रकोष्ठ की बैठक 10 जनवरी को आयोजित हुई, जिसमें 65 महिलाएँ सम्मिलित हुई। प्रशिक्षिका **श्रीमती मीना कर्णावट** ने चावल के विभिन्न प्रकार व्यंजन(मेक्सिकन राईस, दम बिरयानी आदि) बनाने का प्रशिक्षण दिया।

● **ग्रामीण महिला चेतना शिविर :** दिनांक 30 जनवरी 2017 को आयोजित इस शिविर में देवाली, चंदेसरा, टूस डांगियान एवं उदयपुर की कुल 36 महिलाएं सम्मिलित हुई। यह दिन गांधी जी की पुण्य तिथि होने से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा रघुपति राघव का गान किया गया। **प्रो. सुशीला अग्रवाल** ने गांधी जी के कार्यों और जीवन पर प्रकाश डाला। **डॉ. आई.एल. जैन** ने मौसमी बीमारियों के बारे में जानकारी दी तथा सफाई पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। समिति सदस्य **श्री हनुमन्त जी तलेसरा** ने हंसी के महत्व को बताते हुए हंसने का अभ्यास कराया, जो महिलाओं को बहुत अच्छा लगा। **डॉ. श्रीमती शैल गुप्ता** ने प्रेरणास्पद प्रसंग में एक महिला के जुझारूपन की जानकारी दी जिसे डायन घोषित करने पर वह गांव छोडकर चली गयी तथा ऐसी सभी महिलाओं का संगठन तैयार किया जो एक बड़ी ताकत बन गई। डॉ. कोठारी ने विशेष संदेश देते हुए महिलाओं को प्रेरित किया कि वे सेवा कार्यों में भी आगे आएं। **श्रीमती विमला अग्रवाल** ने गुडली व चंदेसरा की दो अभावग्रस्त महिलाओं को दो कम्बल दिए। इसी माह में संक्रान्ति होने से **श्रीमती सुन्दरी छतवानी** ने मकर संक्रान्ति पर जानकारी दी। **श्रीमती रेणु भंडारी** ने गणतंत्र दिवस के सम्बन्ध में प्रश्न पूछे और उत्तर समझाए। उन्होंने लहर के जनवरी अंक की भी पूरी जानकारी दी। **श्रीमती मंजुला शर्मा** ने महिलाओं सम्बंधी विज्ञान समिति की विभिन्न सेवाओं की जानकारी दी। **प्रो. जे.एन. कविराज** ने एक भजन सुनाया। पांच महिलाओं ने ऋण की किस्तें जमा कराई। जलपान कराया गया एवं यात्रा खर्चा दिया गया। 12 सदस्यों ने वार्षिक फीस जमा कराई तथा दो नए सदस्य बने।

## स्वास्थ्य सेवाएं


●**निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर : विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास, उदयपुर** के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हुए। जनवरी माह में 10 शिविर हुए जिसमें 128 दर्दियों की चिकित्सा की गई। **श्री बी.एल. पोखरना** एवं उनके सहयोगी चिकित्सकों का प्रशंसनीय योगदान रहा।

●**श्री बिजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर :** विज्ञान समिति में तयालीसवां शिविर दिनांक 15 जनवरी 2017 तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा शिविर में **डॉ. आई.एल.जैन,** वरिष्ठ फिजिशियन एवं हृदयरोग विशेषज्ञ; **दर्शन डेंटल कॉलेज** के दंत रोग विशेषज्ञ **डॉ. शिवम शर्मा** एवं उनकी टीम, **श्री मुर्तजा हुसैन एवं श्री कमलेश शर्मा**—ब्लड शुगर जांच; **श्री बी.एल.पोखरना, ललित पोरवाल एवं श्री ए.एल. डांगी** एवं एक्यूप्रेशर टीम ने अपनी मानद चिकित्सा परामर्श सेवाएं यथावत प्रदान की। सभी के प्रति आभार। शिविर में कुल 25 नागरिकों का (19 सामान्य, 3 हृदय, 19 मधुमेह, 4 दंत रोग) विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इसी क्रम में 3 नागरिकों को एक्यूप्रेशर थेरेपी से चिकित्सा परामर्श दिया गया। आगामी **चौवालीसवां शिविर 19 फरवरी 2017** रविवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा।

## दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ

दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ की दिनांक 14 जनवरी 2017 को हुई बैठक में **''शिक्षा में नैतिकता''** विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्षता **डॉ. के.एल. कोठारी** ने की। प्रारम्भ में **डॉ. एन.एल. कच्छारा** ने कार्यशाला के प्रयोजन पर प्रकाश डाला। **डॉ. एल.एल. धाकड़, श्री चौसरलाल कच्छारा, डॉ. एस.एल. गोदावत, डॉ. पी.एम. अग्रवाल, श्रीमती मुंशी, श्री प्रकाश तातेड़, डॉ. डी.एस. बया** एवं **डॉ. आर.एल. जैन** ने अपने विचार व्यक्त किए। विषय की गंभीरता को देखते हुए इस पर और विचार की आवश्यकता समझी गई। यह भी निर्णय लिया गया कि सम्यक विचार के उपरान्त आवश्यक संस्तुति राज्य सरकार और संबंधित अधिकारियों को क्रियान्वयन हेतु प्रेषित की जाए।

## प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ



विज्ञान समिति के सभागार कक्ष में प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में मासिक बैठक का 21 जनवरी 2017 आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख वक्ता **डॉ. जगमोहन हुमड़** थे। **डॉ. हुमड़** विशिष्ट प्रतिभाशाली व्यक्तित्व के धनी हैं तथा वर्तमान में कनाड़ा में उच्च पदों पर



अकादमिक क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अपनी स्वरचित कविताओं के माध्यम से **''हास्य सर्वोत्तम उपचार''** पर अपनी अद्भुत प्रस्तुति दी जिसका तालियों के गड़गड़ाहट से सभी उपस्थित प्रबुद्धजनों ने स्वागत किया। उन्होंने अमेरिका में फिलहाल सम्पन्न हुए राष्ट्रपति चुनाव पर भी अपने विचार व्यक्त किये। संस्थापक अध्यक्ष **डॉ. के एल कोठारी** ने उनका स्वागत किया तथा अपनी स्वरचित रचना प्रस्तुत की। डॉ. आई.एल.जैन ने हास्य के

वैज्ञानिक लाभों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ. के पी तलेसरा** ने किया तथा धन्यवाद की रस्म कार्यक्रम संयोजक **मुनीश गोयल** ने सम्पन्न की।

## केलवा प्रोजेक्ट

श्रद्धा का 39 वां अंक (जनवरी 2016) प्रकाशित–वितरित हुआ।

● **आचार्य भिक्षु आलोक संस्थान केलवा एवं विज्ञान समिति** के संयुक्त तत्वावधान में 29 जनवरी को प्रातः 11 बजे आचार्य भिक्षु व्याख्यानमाला के अंतर्गत चतुर्थ व्याख्यान का आयोजन हुआ। मुख्य वार्ताकार ध्यानशोधक **मुनिश्री धर्मेश** ने महाप्राण ध्यान के आगमिक उद्‌गम से उपलब्ध अनुसंधानात्मक विवरण को सरल, सहज शैली में प्रस्तुत किया। उपस्थित विद्वान श्रोताओं ने रुचिपूर्वक व्याख्यान का लाभ लिया। बाद में प्रश्नोत्तर सत्र में जिज्ञासाओं का समाधान किया। प्रारंभ में समन्वयक **डॉ. के.एल. कोठारी** ने स्वागत किया। व्याख्यान के पहले **डॉ. यशवन्त कोठारी** ने मुनि श्री का परिचय प्रस्तुत किया एवं आचार्य भिक्षु आलोक संस्थान की जानकारी दी। कार्यक्रम के अन्त में विज्ञान समिति के कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ. के.पी. तलेसरा** ने आभार व्यक्त किया।

**गणतंत्र दिवस समारोह** – दिनांक 26 जनवरी 2017 को विज्ञान समिति परिसर में **68वां गणतंत्र दिवस** समारोह हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि **इंजी. बी.एल. खमेसरा–अध्यक्ष** महावीर इंटरनेशनल उदयपुर थे तथा अध्यक्ष **इंजी. आर. चौधरी** पूर्व ग्रुप जनरल मेनेजर, आरएसएमएम थे। इस दिन लगभग 60 सदस्यों की उपस्थिति थी जिसमें 25 महिलाएं थी। इसी बैठक में श्री शैलेन्द्र कुमार मेहता, पूर्व मुख्य अभियन्ता आरएसइबी का सदस्यता हेतु आवेदन प्राप्त हुआ।







## सदस्यों सबंधी

● **डॉ. प्राची अविनाश :** भारत सरकार द्वारा फूड एवं अलाइड इंडस्ट्रीज (MSMEDI) द्वारा जयपुर में 6 से 8 जनवरी 2017 को आयोजित राष्ट्रीय प्रदर्शनी एवं व्यवसाय विकास कार्यक्रम में **डॉ. प्राची अविनाश** को द्वितीय सर्वश्रेष्ठ पारितोषिक प्राप्त हुआ। हार्दिक बधाई।

● **डॉ एन.एल. कच्छारा :** जैन विश्व भारती संस्थान, लाडनूं द्वारा एम.ए. के विद्यार्थियों के लिए एक नवीन इलेक्टिव पाठ्यक्रम Science and spirituality इस वर्ष से प्रारम्भ किया गया है। इस पाठ्यक्रम के लिए **डॉ. एन एल कच्छारा** की पुस्तक “Scientific Explorations of Jain Doctrines” को पाठ्य पुस्तक के रूप में स्वीकृत किया गया है। पाठ्यक्रम को प्रारम्भ करने हेतु संस्थान ने डॉ. कच्छारा को व्याख्यान देने के लिए आमन्त्रित किया। डॉ. कच्छारा ने दि. 9–13 जनवरी 2017 तक पाँच व्याख्यान दिये जिसमें विद्यार्थियों के अतिरिक्त शोध छात्र, शिक्षक, समणी और मुमुक्षु बहनें उपस्थित थे।

● **डॉ. के.बी. शर्मा (अध्यक्ष) :** आपकी बांयी आंख का मोतियाबिन्द का ऑपरेशन अहमदाबाद में हुआ, जहां उनकी छोटी पुत्री ने सहयोग किया। शल्य चिकित्सा के बाद पुनः 29 जनवरी को उदयपुर आ गए हैं और सकुशल हैं।

● **प्रकाश तातेड़ (सचिव) :** आपको साहित्य मंडल नाथद्वारा ने 6–7 जनवरी 2017 को आयोजित अखिल भारतीय साहित्यकार सम्मान समारोह में **‘साहित्य कुसुमाकर’** के सम्मान से अलंकृत किया गया। हार्दिक बधाई।

● **डॉ. बी.एल. बसेर ( पूर्व उपाध्यक्ष) :** आपका जयपुर में हृदय का सफल बायपास ऑपरेशन हुआ। सम्प्रति उदयपुर निवास स्थान पर स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। हमारी शुभकामनाएं। मो. 9413020504

● **डॉ. बी.एल. चावत (परिषद सदस्य) :** आपका अहमदाबाद में स्लिप डिस्क का आपरेशन सम्पन्न हुआ, तदुपरान्त घर पर स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। हमारी शुभकामनाएं। मो. : 9887755002

● **डॉ. के.एल. तोतावत (उपाध्यक्ष) :** आपके पौत्र **पल्लव तोतावत** कक्षा 12वीं, सेन्ट एंथोनी सीनियर सै. स्कूल में अध्ययनरत को इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर्स, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइन्स द्वारा आयोजित नेशनल स्टैण्डर्ड एक्जामिनेशन इन केमिस्ट्री (एनएसइसी 2016–17) एवं नेशनल स्टैण्डर्ड एक्जामिनेशन इन फिजिक्स (एनएसइपी 2016–17) में राज्य स्तर पर शीर्ष 1% में स्थान बनाने पर दोनों में **सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट** प्रदान किया। हार्दिक बधाई।

## सुविचार

- जितने अच्छे से आप दूसरों से, दूसरे की स्त्रियों से, दूसरों के माँ–बाप से, दूसरों के बच्चों से बात करते हैं, उतने ही अच्छे से यदि अपनों से बात करने लगें तो घर में ही स्वर्ग उतर आये।
- चिन्ता और तनाव तो पक्षियों की तरह है जिन्हें हम अपने आसपास उड़ने से नहीं रोक सकते हैं परन्तु उन्हें मन में घौंसला बनाने से तो रोक ही सकते हैं।
- हमें किसी भी खास समय के लिए इंतजार नहीं करना चाहिए बल्कि अपने हर समय को खास बनाने की पूरी तरह से कोशिश करनी चाहिए।
- पानी से भरे बादल और फले–फूले वृक्ष हमेशा नीचे की ओर झुके रहते हैं। सज्जन भी इन्हीं की भांति धन एवं ज्ञान की प्राप्ति के बाद विनम्र बने रहते हैं।
- कठिन समय में समझदार व्यक्ति रास्ता खोजता है और कायर बहाना।
- जीवन में यही देखना महत्त्वपूर्ण नहीं कि कौन हमसे आगे है या कौन पीछे। यह भी देखना चाहिए कि कौन हमारे साथ है और हम किसके साथ हैं। जुड़ना बड़ी बात नहीं, जुड़े रहना बड़ी बात है।

**बुक-पोस्ट**

प्रेषक : विज्ञान समिति, रोड़ नं. 17, अशोक नगर, उदयपुर

सेवा में

## जन्मदिन की बधाइयाँ

**February**

| | |
|---|---|
| Smt. Anila Doshi | 05/02 |
| Smt. Vibha Bhatnagar | 11/02 |
| Dr. Mahip Bhatnagar | 11/02 |
| Sh. S.K. Verma | 17/02 |
| Dr. Kamala Kanwarani | 18/02 |
| Smt. Pushpa Kothari | 19/02 |
| Sh. Y.K. Gupta | 22/02 |

**March**

| | |
|---|---|
| Sh. SL Godawat | 03/03 |
| Dr. Prachi Bhatnagar | 04/03 |
| Sh. V.K. Sood | 06/03 |
| Sh. RS Sojatia | 08/03 |
| Shri Arun Kothari | 09/03 |
| Dr. R.L. Jain | 10/03 |
| Mrs. Manjula Bordia | 13/03 |
| Sh. V.B. Singh | 21/03 |
| Sh. B.S. Mehta | 24/03 |
| Sh.Babulal Kothari | 25/03 |
| Mrs. Mamta Kothari | 27/03 |







श्रीमती विमला कोठारी का 82वां जन्मदिन 24 जनवरी को समिति में उत्साहपूर्वक मनाया गया जिसमें लगभग 25 सदस्यों की उपस्थिति थी । इस अवसर पर लोगों ने अपने उद्गार प्रकट किए।

## विज्ञान समिति के फरवरी माह के कार्यक्रम

**•मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन

**• नियमित स्वास्थ्य सेवाएं**

- ❒ एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में
- ❒ श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरः समिति परिसर में तीसरे रविवार 19 फरवरी 2017 प्रातः 10 से 12 बजे तक

| नियमित मासिक गतिविधियां | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| ✷ नवाचार महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | शुक्रवार 10 फरवरी | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ मासिक बैठक | मंगलवार 14 फरवरी | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | सोमवार 20 फरवरी | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ मासिक बैठक | शनिवार 25 फरवरी | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ ग्रामीण महिला चेतना शिविर | मंगलवारा 28 फरवरी | प्रातः 11.00 बजे से |
| **विशेष कार्यक्रम** | | |
| ✷ मेडम क्युरी सभागार में सरस्वती मूर्ती की स्थापना | बुधवार 01 फरवरी | प्रातः10.00 बजे से |
| ✷ मेडिटेशन फॉर मेंटल पीस– प्रशिक्षण कार्यक्रम | शुक्रवार 03 फरवरी | प्रातः10.30 बजे से |
| ✷ कृषि वि.वि. साझा कार्यक्रम के अंतर्गत देवाली गांव में निःशुल्क चिकित्सा शिविर– | रविवार 05 फरवरी | प्रातः10.00 बजे से |
| ✷ यू.एस. ओस्तवाल ग्रुप ऑफ कॉलेज, मंगलवाड़ का भ्रमण | गुरूवार 09 फरवरी | प्रातः 10.30 बजे से |
| ✷ विज्ञान दिवस | मंगलवार 28 फरवरी | प्रातः 10.00 बजे से |

### अपील

- कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का चौथा वर्ष प्रारंभ हो गया है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।
- निर्माण, स्थायी कोष ( कोरपस फंड ), महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं अभावग्रस्तों को सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

**सौजन्य :– श्रीमान् मदनसिंह जी–श्रीमती लीला जी सुराना, 8–सी, मधुबन, उदयपुर (वर्तमान में हांगकांग)**